प्रेस विज्ञप्ति

(बिहार पुलिस मुख्यालय)

दिनांक–21.02.2023 (सं0–126)

बिहार पुलिस दिवस–2023

''जन जन की ओर बढते कदम ''

ERSS(Emergency Response Support System)

संक्षिप्त भूमिका

- गृह मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा Public Emergency Response System को उन्नत करने के उद्देश्य से Nationwide Emergency Response System (NERS) का गठन किया गया तथा दूर संचार विभाग के द्वारा इस हेतु एक आपातकालीन नम्बर "112" आवंटित किया गया।
- आपात स्थिति में नागरिकों के द्वारा वॉयस कॉल, एस0एम0एस0, ई–मेल, पैनिक एस0ओ0एस0 रिक्वेस्ट तथा वेब रिक्वेस्ट इस पर भेजा जा सके, ऐसा इसे डिजाइन किया गया है।
- प्रारम्भ में पुलिस, अग्निशमन सेवा तथा चिकित्सा सेवा को इस एकल दूरभाष संख्या 112 के अधीन रखा गया है। बाद में अन्य आपातकालीन सेवाओं को भी इससे जोड़ने की योजना है।
- प्रथम चरण का लोकार्पण दिनांक–06.07.2022 को हो चुका है।

वर्तमान स्थिति

- जब से ERSS(Dial 112) सेवा के प्रारम्भ होने के उपरान्त अभी तक 01 लाख 85 हजार लोगों को सहायता पहुँचाई जा चुकी है।
- लगभग प्रतिदिन 55,000 कॉल्स पिक हो रही हैं।
- इन पिक हुए कॉल्स में 1000 से 1500 कॉल्स पंजीकृत को दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है, जबकि प्रारम्भ के माह में 400 कॉल्स हीं दर्ज की जाती थी।
- इनमें घरेलू हिंसा के 16 प्रतिशत, दुर्घटना के 07 प्रतिशत, चिकित्सा आपात के 04 प्रतिशत, सामान्य विधि व्यवस्था के 44 प्रतिशत, न्यूसेंस के 15 प्रतिशत, अग्निकाण्ड के 02 प्रतिशत, आसचूना के कॉल्स 03 प्रतिशत तथा अन्य मामलों के 09 प्रतिशत कॉल्स हैं। (06 जुलाई से 21 फरवरी 2023 तक)

अर्जित सफलताओं (Success Story) के कुछ दृष्टांत निम्नलिखित है।

1	दिनांक–13.01.2023 को पटना जिला के बुद्धा कॉलोनी थाना अन्तर्गत एक 05–06 वर्ष के अबोध बालक को जो अपना पता बताने में सक्षम नहीं था, ERV कर्मियों के द्वारा उसकी माता का पता कर उन्हें बच्चे को सुरक्षित सौंप दिया। **(Response Time- 10 Minutes)**

2 दिनांक–14.01.2023 को वैशाली जिला के बिदुपुर थानान्तर्गत 02 मोटरसाइकिलों के बीच हुईदुर्घटना के जख्मियों को ERV कर्मियों के द्वारा नजदीकी अस्पताल पहुँचाकर उनकी जान बचाईगई। **(Response Time- 16 Minutes 56 Seconds)**

3 दिनांक–19.01.2023 को मुंगेर जिला के कासिम बाजार थानान्तर्गत ए0टी0एम0 को छेड़छाड़ करचोरी करने वाले चोरों को ERV कर्मियों के द्वारा पकड़कर थाना को सौंपा गया। **(Response Time- <20 Minutes)**

4 दिनांक–20.01.2023 को पटना जिला के राजा बाजार थानान्तर्गत बेली रोड पर हुई एक गम्भीर दुर्घटना के जख्मियों को ERV कर्मियों के द्वारा नजदीकी अस्पताल पहुँचाकर उनकी जान बचाई गई। **(Response Time- 16 Minutes)**

5 दिनांक–27.01.2023 को नालन्दा जिला के हिलसा थानान्तर्गत 01 गुम हुए अबोध बालक को ERV कर्मियों के द्वारा बरामद कर उसके अभिभावकों को सौंपा गया। **(Response Time- 15 Minutes)**

6 दिनांक–31.01.2023 को लखीसराय जिला के लखीसराय क्षेत्रान्तर्गत उत्तराखण्ड के 01 व्यक्ति को जो ट्रेन से नीचे गिर गया था, ERV कर्मियों के द्वारा अविलम्ब अस्पताल पहुँचाकर उसकी जान बचाई गई। **(Response Time- 18 Minutes)**

7 दिनांक–01.02.2023 को सुपौल जिला में सड़क पर अचेत मिले एक दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति को ERV कर्मियों के द्वारा अस्पताल पहुँचाया गया तथा उसकी जेब से मिले आधार कार्ड से पता जानकर उसके परिजनों को सूचित किया गया। **(Response Time- 15 Minutes)**

8 दिनांक–07.02.2023 को भोजपुर जिला के केशोपुर गुण्डी सराय सड़क पर एक बच्ची को जो अपने परिजनों से बिछड़ गई थी, ERV कर्मियों के द्वारा उसके परिजनों को सौंपा गया। **(Response Time- >20 Minutes)**

XXXXXXXXX